**Series HRS**

कोड नं. **32/3**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **13 + 1** मानचित्र है ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **13** printed pages **+ 1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1** से **9** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **10** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **22** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **30** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **5** अंक का है (**2** अंक इतिहास तथा **3** अंक भूगोल) ।

*(vii)* भरे हुए मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के अन्दर संलग्न कीजिए ।

**General Instructions :**

*(i)* *The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **9** are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *Questions from serial number **10** to **21** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **22** to **29** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **120** words each.*

*(vi)* *Question number **30** is a map question of **5** marks (**2** marks from History and **3** marks from Geography).*

*(vii)* *Attach the filled up map inside your answer-book.*

**1.** सन् 2006 में बोलिविया में निम्नलिखित राजनीतिक पार्टियों में से कौन-सी सत्ता में आई ? *1*

(A) कम्युनिस्ट पार्टी

(B) रिपब्लिकन पार्टी

(C) सोशलिस्ट पार्टी

(D) कंज़रवेटिव पार्टी

Which one of the following political parties came to power in Bolivia in 2006 ?

(A) The Communist Party

(B) The Republican Party

(C) The Socialist Party

(D) The Conservative Party

**2.** समकालीन विश्व में निम्नलिखित में से सरकार का कौन-सा रूप सबसे अधिक लोकप्रिय है ? *1*

(A) तानाशाही

(B) राजतंत्र

(C) सैनिक शासन

(D) लोकतंत्र

Which one of the following is the most popular form of government in the contemporary world ?

(A) Dictatorship

(B) Monarchy

(C) Military Rule

(D) Democracy

**3.** निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सा संयुक्त क्षेत्र का उद्योग है ? *1*

(A) टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी (टाटा स्टील)

(B) भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(C) ऑयल इण्डिया लिमिटेड

(D) स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

Which one of the following industries belongs to joint sector ?

(A) TISCO (Tata Steel)

(B) BHEL

(C) OIL

(D) SAIL

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'राष्ट्रीय राजनीतिक दल' है ? *1*

(A) समाजवादी पार्टी

(B) राष्ट्रीय जनता दल

(C) राष्ट्रीय लोक दल

(D) बहुजन समाज पार्टी

Which one of the following is a 'National Political Party' ?

(A) Samajwadi Party

(B) Rashtriya Janata Dal

(C) Rashtriya Lok Dal

(D) Bahujan Samaj Party

**5.** निम्नलिखित में से किसे निवेश कहेंगे ? *1*

(A) धार्मिक उत्सवों पर खर्च की गई धनराशि

(B) सामाजिक रीति-रिवाजों पर खर्च की गई धनराशि

(C) सम्पत्ति, जैसे भूमि, खरीदने में खर्च की गई धनराशि

(D) घरेलू सामान पर खर्च की गई धनराशि

Which one of the following refers to investment ?

(A) The money spent on religious ceremonies

(B) The money spent on social customs

(C) The money spent to buy assets such as land

(D) The money spent on household goods

**6.** भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा कानून अक्टूबर 2005 में लागू किया गया ? *1*

(A) सम्पदा रखने का अधिकार अधिनियम

(B) शिक्षा पाने का अधिकार अधिनियम

(C) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

(D) सूचना पाने का अधिकार अधिनियम

Which one of the following laws was enacted by the Government of India in October 2005 ?

(A) The Right to Property Act

(B) The Right to Education Act

(C) The Consumer Protection Act

(D) The Right to Information Act

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने वाला प्रमाण है ? *1*

(A) आई.एस.आई.

(B) ऐग्मार्क

(C) आई.एस.ओ.

(D) हॉलमार्क

Which one of the following is the certification maintained for standardisation of edible goods ?

(A) ISI

(B) Agmark

(C) ISO

(D) Hallmark

**8.** सन् 1815 में यूरोप में स्थापित रूढ़िवादी शासन व्यवस्थाएँ किस प्रकार की थीं ? निम्नलिखित में से उपयुक्त उत्तर चुनिए : *1*

(A) निरंकुश

(B) लोकतांत्रिक

(C) कुलीन-वर्गीय

(D) अधिनायकीय

**अथवा**

फान बोई चाऊ द्वारा निर्मित रेवोल्यूशनरी सोसायटी के निम्नलिखित में से कौन मुखिया थे ? *1*

(A) राजकुमार कुआँग दे

(B) फान बोई चाऊ

(C) फान चू त्रिन्ह

(D) लियाँग किचाओ

What type of conservative regimes were set up in 1815 in Europe ? Choose the appropriate answer from the following :

(A) Autocractic

(B) Democratic

(C) Aristocratic

(D) Dictatorial

**OR**

Who, among the following, was the head of the Revolutionary Society formed by Phan Boi Chau ?

(A) Prince Cuong De

(B) Phan Boi Chau

(C) Phan Chu Trinh

(D) Liang Qichao

**9.** निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस अधिवेशनों में से किसमें दिसम्बर 1929 में 'पूर्ण स्वराज' की माँग को औपचारिक रूप से मान लिया गया ? *1*

(A) मद्रास अधिवेशन

(B) लाहौर अधिवेशन

(C) कलकत्ता अधिवेशन

(D) नागपुर अधिवेशन

In which one of the following Indian National Congress Sessions was the demand of 'Purna Swaraj' formalised in December 1929 ?

(A) Madras Session

(B) Lahore Session

(C) Calcutta Session

(D) Nagpur Session

**10.** सक्षम परिवहन के साधन देश के तीव्र विकास के लिए पूर्व-अपेक्षित क्यों हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

Why are efficient means of transport pre-requisites for the fast development of the country ? Explain.

**11.** 'नमक यात्रा' की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3*

Describe the main features of the 'Salt March'.

**12.** प्रस्तावित रॉलट ऐक्ट, 1919 के विरुद्ध गाँधीजी ने राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह प्रारम्भ करने का निर्णय क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए । *3*

Why did Gandhiji decide to launch a nationwide Satyagraha against the proposed Rowlatt Act, 1919 ? Explain.

**13.** भारत में सड़कों का वितरण एकसमान क्यों नहीं है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

Why is the distribution of roads not uniform in India ? Explain with examples.

**14.** भारत में सर्वाधिक बहुतायत में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन कौन-सा है ? इसके विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए । *1+2=3*

Which is the most abundantly available fossil fuel in India ? Mention its different forms.

**15.** उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए, कि ऋण किस प्रकार विकास के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाता है । *3*

Explain with an example, how credit plays a vital and positive role for development.

**16.** भारत के दक्षिणी चार राज्यों के किन्हीं छ: 'क्षेत्रीय राजनीतिक दलों' के नाम बताइए । *3*

Name any six 'Regional Political Parties' of the four southern States of India.

**17.** लोकतांत्रिक सरकार को उत्तरदायी सरकार के रूप में किस प्रकार जाना जाता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

How is democractic government known as responsive government ? Explain with examples.

**18.** बोलिविया के लोकप्रिय संघर्ष से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ? किन्हीं तीन मूल्यों को स्पष्ट कीजिए, जो हम इससे सीख सकते हैं । *3×1=3*

What inspiration do we get from Bolivia's popular struggle ? Explain any three values that we can learn from it.

**19.** 'कारगिल फूड्स' भारत में खाद्य तेलों की सबसे बड़ी उत्पादक कम्पनी किस प्रकार बनी ? स्पष्ट कीजिए । *3*

How did 'Cargill Foods' become the largest producer of edible oils in India ? Explain.

**20.** भारत में उपभोक्ता आन्दोलन का जन्म 'सामाजिक बल' के रूप में किस प्रकार हुआ ? स्पष्ट कीजिए । *3*

How did consumer movement originate as a 'social force' in India ? Explain.

**21.** उन्नीसवीं सदी के दौरान यूरोप में उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए, जिन्हें नए वाणिज्यिक वर्ग आर्थिक विनिमय और विकास में बाधक मानते थे । *3×1=3*

**अथवा**

वियतनाम में विद्यार्थी उपनिवेशी सरकार के उन प्रयासों के विरुद्ध किस प्रकार लड़े, जिससे वियतनामी लोगों को 'सफ़ेद पोश नौकरियों' के लायक योग्यता न मिले । स्पष्ट कीजिए । *3*

Explain the conditions that were viewed as obstacles to the economic exchange and growth by the new commercial classes during the nineteenth century in Europe.

**OR**

How did students in Vietnam fight against the colonial government's efforts to prevent Vietnamese from qualifying for 'white collar jobs' ? Explain.

**22.** "एक देश के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव का सूचक है ।" इस कथन की पुष्टि उपयुक्त उदाहरणों सहित कीजिए । *5×1=5*

"Advancement of international trade of a country is an index to its prosperity." Support the statement with suitable examples.

**23.** जलियाँवाला बाग घटना के लोगों पर पड़े प्रभावों की व्याख्या कीजिए । *5×1=5*

Explain the impact of Jallianwala Bagh incident on the people.

**24.** "लगभग 100 साल पहले दुनिया के कुछ ही देशों में गिनती के राजनीतिक दल थे । आज गिनती के ही देश ऐसे हैं, जहाँ राजनीतिक दल नहीं हैं ।" इस कथन की परख कीजिए । *5*

"About hundred years ago there were few countries that had hardly any political party. Now there are few countries that do not have political parties." Examine this statement.

**25.** "वैश्वीकरण उपभोक्ताओं के साथ-साथ उत्पादकों के लिए भी लाभकारी रहा है ।" इस कथन की पुष्टि उपयुक्त उदाहरणों सहित कीजिए । *5×1=5*

"Globalisation has been advantageous to consumers as well as to producers." Support the statement with suitable examples.

**26.** बाज़ार में नियमों और विनियमों की आवश्यकता क्यों होती है ? स्पष्ट कीजिए । *5*

Why are rules and regulations required in the market-place ? Explain.

**27.** भारतीय लोकतंत्र द्वारा सामना की जा रहीं किन्हीं पाँच प्रमुख चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए । *5×1=5*

Explain any five major challenges being faced by the Indian democracy.

**28.** 1815 के बाद क्रान्तिकारियों ने यूरोप के बहुत से राज्यों में अपने विचारों का किस प्रकार प्रसार किया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *5×1=5*

**अथवा**

वियतनाम में धार्मिक समूहों ने उपनिवेशन के विरुद्ध विचार उत्पन्न करने में किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *5×1=5*

How had revolutionaries spread their ideas in many European States after 1815 ? Explain with examples.

**OR**

Explain, with examples, how religious groups played an important role in the development of anti-colonial feelings in Vietnam.

**29.** भारत में नवीकरण-योग्य ऊर्जा के संसाधनों के उपयोग की अति आवश्यकता क्यों है ? कोई पाँच कारण स्पष्ट कीजिए । *5×1=5*

Why is there a pressing need for using renewable energy sources in India ? Explain any five reasons.

**30.** (30.1) दो लक्षण A और B, **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम, मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान जो नील की खेती करने वाले किसानों के आंदोलन से सम्बन्धित है ।

(30.2) निम्नलिखित लक्षणों को भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) नरोरा — आणविक ऊर्जा संयंत्र

(ii) राउरकेला — लोहा और इस्पात संयंत्र

(iii) काँडला — प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.1) Two features A and B are marked in the political outline map of **India** (on page 15). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place where the Indian National Congress Session was held in 1927.

B. The place which is associated with the movement of Indigo Planters.

(30.2) On the same political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

(i) Narora — a nuclear power plant

(ii) Rourkela — an iron and steel plant

(iii) Kandla — a major sea port

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 30 :*

(30.1) उस स्थान का नाम बताइए जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(30.2) उस स्थान का नाम बताइए जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन प्रारम्भ हुआ था ।

(30.3) नरोरा आणविक ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.4) राउरकेला लोहा और इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.5) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ काँडला समुद्री पत्तन स्थित है । *5×1=5*

(30.1) Name the place where the Indian National Congress Session was held in September 1920.

(30.2) Name the place where the movement of Indigo Planters was started.

(30.3) In which State is Narora nuclear power plant located ?

(30.4) In which State is Rourkela iron and steel plant located ?

(30.5) Name the State where Kandla sea port is located.

For question no. 30.1, 30.2 प्रश्न सं. 30.1, 30.2 के लिए

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)

